हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 7 जनवरी 2024
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

since 1993



# अब कोटा क्यों जाए

## कोटा अब आपके शहर भिलाई में

कोटा की शिक्षण प्रणाली के साथ

- 30 Years Legacy
- Expert Faculty
- Digital Support
- Small Batch Size
- One To One Mentoring
- Quality Study Material
- Regular Test Series
- Affordable Fees

**25700+** Doctors | **21700+** IITians | **160900+** Engineers

with Trust of More Than **4.50 Lakh** Students..

## ADMISSIONS OPEN

For Session 2024-25

# CAREER POINT

**BHILAI CENTRE**

**For Details Call:** 90399-57770, 90399-57771 | **Mail:** bhilai@cpuniverse.in

**Add:** 4th floor, Seven Hills Complex, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai-490006

CP Tower, IPIA, Road No.1, Kota I 080-40246443 I www.careerpoint.ac.in

Deepak Advertisers

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण विभाग की बैठक

**रायपुर।** राज्य प्रबंधन समिति की 15वीं बैठक राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन की अध्यक्षता में राजभवन शुक्रवार को हुई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के लिए सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि द्वारा संचालित कई कल्याणकारी योजनाओं के विषय में चर्चा की गई।
राज्यपाल को मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने बालवृक्ष भेंट किया। बैठक में पदम सिंह शेखावत, मनोज पिंगुआ, सतीश कुमार, विक्रम हिरू, राजभवन के नियंत्रक संजय विश्वकर्मा, मेजर जनरल संजय शर्मा (सेनि), विंग कमांडर ए. श्रीनिवास राव (सेनि) एवं टीआर साहू शामिल हुए। बैठक के दौरान भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के हित में कई बिदुओं पर निर्णय लिए गए। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि बैठक में लिए गए निर्णयों से भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके परिजन लाभान्वित होंगे।

### निबंध स्पर्धा में देवाशीष प्रथम, अदिती द्वितीय

**रायपुर।** सुशासन दिवस के अवसर पर नालंदा परिसर व पाथ आईएएस एकेडमी ने निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया था। प्रतियोगिता में नालंदा परिसर के विद्यार्थी देवाशीष पटेल प्रथम, अदिती द्वितीय व सेंट्रल लाइब्रेरी के विद्यार्थी लक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में नोडल अधिकारी केदार पटेल, आशीष मिश्रा, हुड्डा समेत सेंट्रल लाइब्रेरी व नालंदा परिसर के कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### एक शाम साईं वसण शाह के नाम 14 को

**रायपुर।** एक शाम साईं वसण शाह के नाम कार्यक्रम का आयोजन 14 जनवरी को इलेवन स्टार ग्राउंड संत कंवरराम नगर कटोरा तालाब में होने जा रहा है। साईं वसण शाह सेवा समिति के मीडिया प्रभारी रमेश मिरघानी, सुभाष बजाज व गौरव मंधानी ने बताया कि साईं वसणशाह के जीवन में हुए चमत्कारों व मानव सेवा का वर्णन सूफी भजन व दिव्य सत्संग के माध्यम से किया जाएगा। साईं वसणशाह दरबार उल्हासनगर मुंबई के गद्दीनशीन संत साईं कालीराम प्रवचन देंगे।

# राजस्व संबंधी 12 हजार से अधिक प्रकरण लंबित, कलेक्टर ने कहा- तेजी से करें निराकरण

**पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण करने का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है, जिसके कारण नामांतरण, बटांकन, सीमांकन सहित अन्य कई प्रकरणों की संख्या कम होने की जगह लगातार बढ़ रही है। अब तक जिलेभर में राजस्व संबंधी 12 हजार से अधिक प्रकरण लंबित हैं। नवनियुक्त कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने शुक्रवार को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने आम जनता से जुड़े राजस्व कार्यों का त्वरित गति से निराकरण करने के निर्देश दिए।

रायपुर कलेक्टर का कार्यभार संभालने के बाद डा. सिंह ने अब विभागों की समीक्षा बैठक लेनी शुरू कर दी है। कार्यभार संभालने के दूसरे दिन उन्होंने राजस्व विभाग की बैठक ली, जिसमें संबंधित अधिकारियों व तहसीलदारों से राजस्व प्रकरणों को लेकर जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने लंबित प्रकरणों की जानकारी भी कलेक्टर को दी। इस पर कलेक्टर ने सभी तहसीलों के एसडीएम को लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने अधीनस्थ एवं मैदानी राजस्व अमलों से समय पर प्रतिवेदन प्राप्त करने तथा निरंतर दौरा कर नामांतरण के पंचायत में लंबित प्रकरणों का भी समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता दिलाना सीधा आम जनता से जुड़ा विषय है।



### पटवारियों को दफ्तर में बैठने का दिन तय करने के निर्देश

*कलेक्टर ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे पटवारियों को कार्यालय में बैठने का दिन निर्धारित कराएं तथा इस संबंध में पंचायत की दीवार पर तारीख चस्पा कराएं, ताकि आम लोग भी जरूरत के अनुसार तय तारीख के दिन पटवारी से मिलकर अपना प्रकरण का निराकरण करा सकें। उन्होंने सभी तहसीलदारों को राजस्व प्रकरणों का हल्कावार समीक्षा करने के साथ कोई भी प्रकरण अपंजीकृत ना हो, इसका ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई, बीसी साहू सभी एसडीएम सहित राजस्व विभाग के सभी अधिकारी-तहसीलदार उपस्थित थे।*

**शिविर : 69 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए**

# रासेयो के सहयोग से परिवहन विभाग ने लगाया लर्निंग लाइसेंस शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



शासकीय महाविद्यालय लवन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा एक दिवसीय लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस निर्माण शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार उपाध्याय एवं जिला परिवहन अधिकारी भूपेंद्र कुमार गावरे के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर से 69 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए। उक्त शिविर में छात्र-छात्राओं से ड्राइविंग लाइसेंस के साथ ही हेलमेट पहनने की अपील की गई। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए छात्र छात्राओं में भारी उत्साह देखा गया। महाविद्यालय में बड़ी संख्या में विद्यार्थी राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी में मोटर साइकिल एवं स्कूटी आदि वाहनों से अध्ययन के लिए पहुंचते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा यातायात सुरक्षा हेतु सजगता लाने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी की गई सड़क सुरक्षा चिन्ह और संकेतावली पुस्तिका का वितरण भी किया गया। उक्त शिविर में टीएसआई प्रदीप लहरी, वरिष्ठ प्राध्यापक लोकनाथ ध्रुव, जिला परिवहन विभाग से मनोज पाटले, बलराम साहू, सिद्धार्थ शर्मा, श्याम सुंदर वर्मा, धनुष वर्मा, भृत्य प्रवीण कुर्रे सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक उपस्थित रहे। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुंडा के कक्षा आठवीं के छात्र दीपक वर्मा और संजय वर्मा भी सड़क सुरक्षा से अवगत हुए।

## कूची में लगा कॉलेज का एनएसएस शिविर



**भवानीपुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन का सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर ग्राम कूची में लगा। उद्घाटन राजकीय गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम प्रभारी रामप्रकाश जोशी द्वार प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे के मार्ग दर्शन में की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम कूची के सरपंच रवि साहू, विशेष अतिथि, दीपक शर्मा, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य चन्द्रकांत जलहरे ने की।

कार्यक्रम अधिकारी रामप्रकाश जोशी ने एन एस एस कैम्प में आए शिवरार्थिओ को सात ग्रुप में बांटा, जिसमें प्रथम ग्रुप का नाम पंडित सुन्दर लाल शर्मा, द्वितीय खूबचंद बघेल, तृतीय शहीद वीरनारायण सिंह, चतुर्थ बिरसा मुंडा, पंचम ग्रुप गुरु घासीदास, षष्ठम ग्रुप ठाकुर प्यारेलाल, सप्तम ग्रुप पायलेट था। इसमें क्रमशः, क्षमाचंद्रकर , मीनाक्षी पटेल, लोकेश्वरी, पूजा, दामिनी वर्मा, सुमन खरे, तनु कौशिक, शिविर नायक सत्यप्रकाश शिविर नायिका, मीनू बघेल को बनाया गया। इस सात दिवसीय विशेष में 53 छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित नवीन महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक प्रवीन कुमार पैकरा, सहायक प्राध्यापक उमेश श्रीवास, धमेंद्र साहू, वरिष्ठ स्वयंसेवक टूकेश साहू, रोहित साहू, कुनाल सेन, डिगेश्वरी सेन एवं ग्राम के समस्त गणमान्य लोगों अधिक संख्या में उपस्थित थे।

## लोकसभा निर्वाचन के लिए कलेक्टर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवां

कलेक्टर केएल चौहान ने पदभार ग्रहण करने के बाद प्रेस कांफ्रेंस ली और पत्रकारों के साथ बैठक में शामिल हुए। बैठक में श्री चौहान ने आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में सभी को अवगत कराया। कलेक्टर ने बताया कि मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी को जिले के सभी मतदान केंद्रों में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में किया जाएगा। इसके साथ ही मतदाता सूची में संशोधन अंतर्गत नाम जोड़ने, हटाने एवं स्थानांतरण के कार्य हेतु जिले के सभी मतदान केंद्रों में विशेष शिविर आयोजन के संबंध में जानकारी दी एवं आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर चौहान ने वोटर हेल्पलाइन एवं नवीन मतदाताओं को जोड़ने के संबंध में फार्म 6, 7 एवं फार्म 8 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। श्री चौहान ने पत्रकारों से सुझाव भी लिए। कलेक्टर श्री चौहान ने अपने पैतृक गांव से लेकर अब तक का शासकीय कार्यकाल का परिचय दिया और पत्रकारों के सुझाव का सकारात्मक आश्वाशन दिया। इस अवसर पर जिले के पत्रकारगण, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान उपस्थित थे।

## यूको बैंक शाखा कसडोल ने मनाया 82वां स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

यूको बैंक शाखा कसडोल ने शनिवार को 82वाँ स्थापना दिवस मनाया, जहां शाखा कसडोल को आकर्षक रूप से सजाया गया था। शाखा प्रबंधक सभी उपस्थित पेंशनर्स एवं खाताधारकों को कार्यक्रम में आने पर अभिवादन किया और कहा की बुजुर्गो का सम्मान करने से ही लोगों को तरक्की मिलती है।

ज्ञात हो कि 6 जनवरी 1943 को प्रधान कार्यालय कोलकाता (प.बंगाल) में यूको बैंक की स्थापना की गई। उक्त समस्त स्टॉप ग्राहकों के साथ बैठक कर यूको बैंक द्वारा ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही अपने ग्राहकों के कलेंडर का वितरण करते हुए अपने पुराने ग्राहकों में वरिष्ठ पेंशनर्श कपूरचन्द साहू (से.नि.प्रधानपाठक) कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबंधक कपूरचंद साहू ने कहा है हमारे लिए गौरव की बात है कि विगत 20 वर्षों से शाखा कसडोल द्वारा वरिष्ट खाताधारकों एवं हम सभी पेंशनरों को हमेशा की भांती इस वर्ष भी 6 जनवरी को स्थापना दिवस मनाया गया। हम सभी को बुलाया गया, सम्मान किया गया, साथ ही हम सभीवरिष्ठजनों के बीच केक काट कर खुशी मनाई गई। साथ ही यूको बैंक में हमारा जो भी काम रहता है। यूको बैंक सहायक प्रबंधक रोशन लकड़ा एवं समस्त स्टाफ को पेंशनर्श की योर से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान रोशन लकड़ा सहायक शाखा प्रबंधक, शुभम राणा सहायक शाखा प्रबंधक, नीलिमा खरे, पियूष तलवार, अशोक गिरी, रतिराम यादव, राजेंद्र यादव, संतोषी पटेल उपस्थित रहे।

# श्रद्धा एवं समर्पण की प्रतिमूर्ति थीं माता राजिम : गुनीराम



**कसडोल।** नगर साहू संघ कसडोल के अध्यक्ष गुनीराम साहू ने कसडोल नगर एवं प्रदेशवासियों को राजिम भक्तिन माता जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा धर्मनिष्ठा और कर्मठता की प्रतीक राजिम माता के नाम पर छत्तीसगढ़ की धार्मिक और ऐतिहासिक नगरी राजिम का नाम पड़ा है। छत्तीसगढ़ का राजिम अब केवल धार्मिक स्थल ही नहीं बल्कि तीन नदियों के साथ विभिन्न संस्कृतियों, सम्प्रदायों का संगम स्थल बन गया है। उन्होंने कहा कि भक्तिन तेलिन माता का त्याग, तपस्या और सत्कर्म हमें हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। वर्तमान राजिम प्राचीन काल में पद्मावतीपुरी के नाम से जाना जाता था, इसे कमल क्षेत्र भी कहा जाता था। श्री साहू ने कहा कि साहू समाज एक प्रगतिशील समाज है, हम सबको राजिम भक्तिन माता एवं माता कर्मा के बताए संदेशों का अनुसरण करना होगा। राजिम माता ने जिस साहू समाज को अपनी मेहनत और त्याग से संगठित किया, आज वह समाज शिक्षा, कृषि व व्यवसाय सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है और दूसरे समाज भी उनका अनुसरण कर रहे हैं। जैसा प्रयागराज का महत्त्व है, उसी तरह छत्तीसगढ़ के लिए राजिम का भी महत्व है। साहू समाज एक संगठित समाज के रूप में जाना जाता है।

## निर्वाचन पदाधिकारी की राजनीतिक दलों के साथ बैठक, 22 से दावा-आपत्ति




**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रीना बाबा साहेब कंगाले द्वारा राज्यस्तर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ शुक्रवार को निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बताया गया कि राज्य में 1,01,49,798 (पुरुष), 1,02,72,119 (महिला), कुल-739 (थर्ड जेंडर) कुल-2 करोड़, 4 लाख, 22 हजार, 656 पंजीकृत मतदाता हैं। पुनरीक्षण में 1 जनवरी के साथ साथ 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर, 2024 को भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**पेज 13 के शेष**

### जिस दिन गरीबों...

जा सकता है।शिवरतन शर्मा ने कहा कि मोदी की गारंटी के रूप में घोषणा पत्र में हमने अयोध्या रामलला दर्शन की योजना, महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित बहनों को 12 हजार प्रतिवर्ष, गरीब महिलाओं को 500 रूपए में गैस सिलेण्डर, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन देने की योजना बनाई गई है, जिसे हम बहुत ही शीघ्र पूरा करने वाले हैं। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है।

शिवरतन शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे क्रिटिकल हेल्थ केयर हॉस्पिटल (50 बिस्तर) का शीघ्र की कार्य प्रारंभ हो जाएगा और भाटापारा,निपानिया हथबन्द रेल्वे स्टेशन का केंद्र सरकार की योजना व सांसद सुनील सोनी की मांग पर कायाकल्प किया जा रहा है।

मौके पर उपस्थितजनों ने विकसित भारत की शपथ ली। सुनील सोनी एवं शिवरतन शर्मा ने लाभार्थियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ भी वितरित किये।

उक्त कार्यक्रम में भाजपा उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, आनंद यादव, सुनील यदु, मोहन बांधे, आशिष जायसवाल, महाबल बघेल, योगेश अंनत, राजा कामनानी, धनेश माधवानी, मनीष मिश्रा, व्यास यदु, गोवर्धन डहरिया,नंद किशोर अग्रवाल, आशीष पुरोहित, अनिल चेलक, दिलीप यादव, हेमंत व्यास, श्रेणिक गोलछा, आशिष टोडर, सतीश साहू, राजेश छाबड़यि, अभिषेक दास, शेखर ठाकुर, नीरा साहू, आयशा खान, नारायण साहू, मधु सोनी, नीतू यादव, हेमंत यादव, अजित निषाद, हारून, चन्द्रकला साय, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारी नरेंद्र बंजारा, लाल बहादुर सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### विकसित जिला बनाने...

विद्युत नरेन्द्र नायक, पीएचई कार्यपालन अभियंता कमल कंवर, सीएमओ राजेश पांडेय, मधुलिका, सीईओ संजू पटेल, प्रज्ञा यादव, बीईओ नरेश चौहान, आयुर्वेद अधिकारी बीआर पटेल, खेल अधिकारी अमित मरकाम, ईडीएम रोहित सिंह ठाकुर, पीडब्ल्यूडी एसडीओ विग्नेश कुमार, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यास नारायण साहू, तहसीलदारगण आयुष तिवारी, नेत्रप्रभा सिदार, कोमल साहू, रूपाली मेश्राम, बंदेराम भगत, शनिराम पैकरा, देवराज सिदार, ग्रामीण यांत्रिकी सारंगढ़ एसडीओ बी.के. खांडेकर, शैलेंद्र वर्मा, डीपीएम एन.एल. इजारदार आदि उपस्थित थे।

### विज्ञान मेले में ...

प्रभारी प्राचार्य चांदनी यदुवंशी व व्याख्याता कुमारी मंजू औसर का विशेष मार्गदर्शन रहा। निर्णायकगण खुमान साहू शिक्षक, दीप्ति साहू शिक्षक व संतोषी यादव सा. शिक्षक ने सभी मॉडल का सूक्ष्म निरीक्षण कर प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान के लिए मॉडल चयन किया, जिसमें प्रथम तृप्ती– ग्रुप। द्वितीय तोनेश ग्रुप व तृतीय दुर्गेश्वरी ग्रुप का मॉडल रहा। स्कूल के सभी शिक्षक व छात्र इस विज्ञान मेला में उपस्थित रहे।

### सर्व समाज के ...

इस सामाजिक कार्यक्रम में सुकृत साहू, सालिकराम साहू, शंकरलाल साहू, दीनदयाल (रामु) साहू, घनाराम साहू, कल्याणी साहू, मनीराम साहू, नारायण साहू, लुकु साहू, जीत नारायण साव, अमृत साहू, लिकेश साहू, रवि साहू, सती साहू, नीरादेवी साहू, लखन साध्य, पिलाराम साहू, तरुण साहू, कांतिलाल साहू, धमेंद्र साहू, मानकुंवर साहू, दारा साहू, महेंद्र साहू, सुखदेव साहू, लेवेश साहू, सोनू साहू, लाला साहू, दुखित साहू, नंदू साहू, चंद्रप्रकाश साहू, कामना साहू, रूखमणी साहू, बोधनी साहू, यशवंत साहू व बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 7 जनवरी 2024

12 रासेयो के सहयोग से परिवहन विभाग ने लगाया लर्निंग लाइसेंस शिविर

14 वेद मंत्रों से गूंजा परिसर, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दी आहुतियां




# जिस दिन गरीबों के जीवन में खुशहाली आएगी, उस दिन भारत माता खुश होगी

## विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में शामिल हुए सांसद सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सांसद सुनील सोनी एवं उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा भाटापारा नगर के रामलीला मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में सम्मिलित हुए। शिविर को सम्बोधन करते हुए सांसद सुनील सोनी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार की सभी योजनाएं विशेष रूप से गरीब जो कच्चे मकान में रह रहे हैं, उनको पक्का मकान, सब्जी की दुकान और ठेला लगाने वाले गरीब भाई-बहनों को स्वनिधि योजना के तहत पहले 10 हजार रूपए, इस 10 हजार को पटाने पर 20 हजार और 20 हजार पटाए जाने पर 50 हजार तक का ऋण देने का प्रावधान किया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की सब्सिडी सीधे हितग्राहियों के खाते में जमा कराया जा रहा है। वहीं विश्वकर्मा योजना के तहत बढ़ई, लोहार, मिस्त्री को 3 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

सुनील सोनी ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ और सभी प्रकार की सुविधा देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर प्रत्येक मोहल्ले में लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन देश के गरीब व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आएगी उस दिन भारत माता भी खुश होगी।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि केवल औद्योगिक विकास और गरीबों को पीछे छोड़ देने से देश समृद्ध नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि गरीबों को विकास की मुख्यधारा में लाकर विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया ▶▶ शेष पेज 12 पर



### योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे

कार्यक्रम को उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने का एक आंदोलन है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है कि सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और देश का कोई भी गरीब विकास की यात्रा से न छूटे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से, सरकार का लक्ष्य पूरे देश में सरकार के सभी प्रमुख कार्यक्रमों की 100 प्रतिशत संतृप्ति हासिल करना है।



## खबर संक्षेप

### निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर



**भटगांव।** कलेक्टर एल चौहान ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा सारंगढ़ में उद्घाटन किए गए जवाहिर भवन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम वासु जैन, सीएमओ राजेश पांडेय, इंजीनियर उत्तम कंवर, पीडब्ल्यूडी एसडीओ विग्नेश कुमार को जवाहिर भवन के साथ साथ परिसर के जीर्णोद्धार के लिए रूपरेखा तैयार कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर चौहान ने निर्माणाधीन कलेक्टर निवास का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्माण के संबंध में निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने इंडोर स्टेडियम सारंगढ़ का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर अजय गोपाल, सूरज तिवारी, सत्येंद्र सिंह बरगाह, विश्वनाथ बहिदार, अवधेश ठेठवार, सत्यम वाजपेई, कुलदीप आहूजा, जय केशरवानी, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान एवं पत्रकार उपस्थित थे।

### शराब बेच रहे व्यक्ति पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वाले एक व्यक्ति पर कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि देवचरण निषाद पिता सुधुराम (40 साल) ग्राम नयापारा कला को गांव के पास अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करते मिला, जिसके पास से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### दो लोगों से 6 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करते हुए दो लोगों को पकड़ा। जानकारी के मुताबिक सुरेश विश्वकर्मा पिता नकुल विश्वकर्मा (32 साल) बलौदा को 3 लीटर महुआ शराब के साथ घर बाड़ी से गिरफ्तार किया गया। वहीं, दूसरे आरोपी शिव कुमार जोहले पिता मनमोहन (30 साल) पलसापाली को ग्राम कोटद्वारा एवं गेर्रा के बीच से 3 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। आरोपियों पर 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान अवैध रूप से शराब बेच रहे युवक पर कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि संजय साहू पिता गनपति साहू (38 साल) वार्ड 2 बसना को घर के सामने अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करते पाया गया, जिसके पास से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## मृतक की पत्नी के दिए आवेदन और पीएम रिपोर्ट से हुआ हत्याकांड का खुलासा

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

ग्राम पुटपुरा में हुए अंधेकत्ल को कसडोल पुलिस ने सुलझा लिया है। इस हत्याकांड में शामिल चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। साथ ही आरोपियों से एक बोलेरो और दो बाइक भी जब्त की गई है। विदित हो कि हत्या के आरोपों से बचने के लिए आरोपियों ने चालाकी दिखाते हुए दुर्घटना साबित करने की रणनीति बनाकर घटना को अंजाम दिया था, जो पुलिस के सामने नहीं चली और सच्चाई सामने आयी।

दरअसल 1 जनवरी को सुचक अभेराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 दिसंबर को इसका भाई गेदराम यादव ग्राम ठाकुरदिया गया था, जो एक्सीडेन्ट होकर गिरने से मौत हो गई। इस पर मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्रवाई में लिया गया। जांच के दौरान 4 जनवरी को मृतक की पत्नी मनीषा यादव ने शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया कि इसके पति गेंदराम यादव को ग्राम पुटपुरा निवासी रवि रजक, राजेन्द्र रजक, रोहित रजक व कमलेश साहू ने मिलकर हत्या की और उसे एक्सीडेन्ट बताकर रिपोर्ट किये है।

शिकायत पर पुलिस ने घटना के गवाहों से पुछताछ की, जहां गवाहों ने बताया कि मृतक गेदराम यादव व नोहरसिंह तथा हेमराज ध्रुव को ग्राम पुटपुरा निवासी रवि रजक, राजेन्द्र रजक, रोहित रजक व कमलेश साहू द्वारा एक राय होकर जान से मारने कि नियत से हाथ मुक्का व ईंट से मारपीट किए। मारपीट से आयी चोट के कारण गेंदराम की मृत्यु होना बताया है।

### आरोपियों ने हाथ-मुक्का, ईंट से दिया घटना को अंजाम, मौत के बाद एक्सीडेंट का दिया था रूप


मृतक








### आरोपियों से एक बोलेरो एवं दो मोटरसाइकिल की गई जब्त

पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा सिर, बदन में चोट लगने से मृत्यु होना लेख किये है तथा रवि रजक, राजेन्द्र रजक, रोहित रजक व कमलेश साहू द्वारा उसके मृत्यु को एक्सीडेन्ट होने का रूप देकर घर वालों को एक्सीडेन्ट होना बताकर अस्पताल ले जाकर भर्ती कराना तथा मोटरसाइकिल में आरोपी सदर द्वारा एक्सीडेन्ट का निशान बनाना व साक्ष्य छुपाना पाया गया। सम्पूर्ण मर्ग जांच पर तथा शिकायत आवेदन की जांच पर अपराध सदर का घटित करना पाये जाने से मर्ग जांच पश्चात अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलौदाबाजार के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी कसडोल मंजूलता राठौर, सउनि श्रवण नेताम, प्रआर 158 कुलमणी, आर क्र 687 चमन मिथलेश व आर क्र 921 प्रताप बंजारे के द्वारा आरोपी कमलेश साहू को ग्राम पुटपुरा से तथा अन्य आरोपीगण रवि रजक, राजेन्द्र रजक, रोहित रजक को जिला रायपुर से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के मेमारेण्डम के आधार पर 2 मोटर सायकिल व 1 नग बोलेरो को जब्त किया गया है। आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय रिमाण्ड हेतु पेश किया गया है।

## गांव-गांव तक पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने हितग्राहियों से अपील की जा रही है। जिससे लोग जागरूक हो और समस्त प्रकार के योजनाओं का लाभ ले सकें। इस यात्र को 26 जनवरी तक गांव-गांव, शहर-शहर देशभर में ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम कुम्हारी व सरायपाली में, सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम लिमगांव, खम्हारपाली, दबगांव व खोखसीपाली में और बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम सलिहा, धौराभांठा (सु), पिपरडुला, झुमका, करियाटार, रामतला में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम किया गया। महिलाओं ने स्वागत में रंगोली बनाई, कलश स्थापना की और सामूहिक आरती भी की। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य स्टाल में इलाज कराए और दवा लिए। प्रधानमंत्री के संदेश का प्रदर्शन किया गया। बालक-बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम ''धरती कहे पुकार के'' से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



■ विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना

## विकसित जिला बनाने में प्रशासनिक टीम की होती है महत्ती भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

कलेक्टर के एल चौहान ने जिले के अधिकारियों का बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कोई भी जिला अपनी पहचान से जाना जाता है। इसलिए हमारे जिला प्रशासन के टीम का उद्देश्य जिले को विकसित करना है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी, वासु जैन, डिप्टी कलेक्टर बी.एक्का, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ डॉ. एफ.आर. निराला, कोषालय अधिकारी चन्द्रपाल सिंह ठाकुर, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बैनर्जी, जिला विपणन अधिकारी मनोज कुमार यादव, जिला प्रबंधक खाद्य सूर्यकांत शुक्ला, खनि अधिकारी एचडी भारद्वाज, कार्यपालन अभियंता ▶▶ शेष पेज 12 पर



## विज्ञान मेले में छात्रों ने बनाये ज्यामिति व पाइथागोरस के मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय हाई स्कूल ईल्दा में विज्ञान मेला आयोजन किया गया। इसमें सभी बच्ची ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और कबाड़ के समाग्री से सुन्दर और आकर्षक मॉडल बनायें, जिसका प्रदर्शन किया गया। अयोध्या में बनने वाले राम मंदिर न्युक्लियर प्लांट व मंगलयान मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही बच्चों द्वारा सभी विषयों पर मॉडल तैयार किए गए, जिसमें गणित से ज्यामिति, पाइथागोरस प्रमेय पर आधारित मॉडल बनाये तथा अन्य मॉडल में सौर ऊर्जा, भाप इंजन, हृदय गति, विद्युत चुंबक, पर्यावरण इत्यादि विषयों पर भी बहुत आकर्षक मॉडल तैयार किए गए। बच्चों के मॉडल तैयार करने में संस्था के ▶▶ शेष पेज 12 पर



## सर्व समाज के हित में काम कर रहा साहू समाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर साहू समाज ने साहू छात्रावास, दानवीर भामाशाह चौक के पास, परशुराम वार्ड में समाज के नवनिर्वाचित विधायक इन्द्र साव का सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा कि हमारा समाज आज के इस आधुनिक युग में सर्व समाज के हित में काम कर रहा है। समाज सभी वर्ग के लोगों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर हर प्रकार के लोकोपयोगी कार्यों में अपना अमूल्य योगदान दे रहा है। निःसंदेह हमारा समाज बहुत मेहनती है। वह अपनी ईमानदारी के साथ छत्तीसगढ़ महतारी के दूरतगति से विकास के लिए अपनी कमर कस के विभिन्न कार्यों में लगा हुआ है। आज शिक्षा के क्षेत्र में भी हमारा समाज अग्रणी की भूमिका में खड़ा नजर आता है। अभी हमें और भी कई सोपान पूरे करने है, इसके लिए आपने सभी सामाजिक बंधुओं से अच्छी मेहनत करने का भी आव्हान किया। ▶▶ शेष पेज 12 पर

■ नगर साहू समाज ने किया नवनिर्वाचित विधायक का शॉल श्रीफल से सम्मान

## विधानसभा चुनाव के दौरान युवाओं से कराया चुनावी सर्वे और प्रचार प्रसार

# रोड मैप टू विन इलेक्शन कंपनी हुई फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विधानसभा चुनाव में 'रोड मैप टू विन इलेक्शन' नाम की दिल्ली की एक कम्पनी जो की चुनावी सर्वे और प्रचार प्रसार का कार्य करती है। जिसके सीईओ सुनील मिश्रा निवासी दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ का काम देखने वाले गौतम कुमार जो की गांव बरेल, जिला सुपौल-बिहार द्वारा छत्तीसगढ़ में चुनाव अभ्यर्थियों से उनके क्षेत्र में चुनावी सर्वे एवं प्रचार - प्रसार का काम लेकर स्थानीय युवाओं को कार्य के लिए दैनिक मजदूरी तथा इनके रहने के लिए मकान किराया एवं आवागमन के लिए उनके माध्यम से स्थानीय चारपहिया वाहन किराया पर लिया गया। प्रारंभिक कुछ माह अच्छे से भुगतान कर विश्वास जीत कर गौतम कुमार ने काम के अंतिम डेढ़ से दो माह के कार्य के भुगतान चुनाव के बाद 18 नवंबर का आश्वासन दिया, परंतु 18 नवंबर से सभी का नं. ब्लॉक कर राज्य से गायब हो गया।

ऐसी घटनाओं एक कारण यह भी की शासन प्रशासन द्वारा ऐसी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जाता, जिससे इस तरह से बाहरी व्यक्ति द्वारा आसानी से छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ ठगी करने फायदा उठाने जैसे कृत्यों को बढ़ावा मिलता है। इधर न्याय पाने की आश से युवा दर-दर भटक रहें है।

उक्त घटना के संबंध में युवाओं द्वारा राज्यपाल, पुलिस अधीक्षक रायपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, कलेक्टर बलौदाबाजार, थाना बिलाईगढ़ में लिखित शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे सभी युवा डेढ़ माह से मानसिक, शारिरिक एवं आर्थिक रुप से परेशानियों से जूझ रहे हैं। विडंबना है कि छत्तीसगढ़ के युवाओं को छत्तीसगढ़ में ही न्याय पाने शासन प्रशासन से सहयोग नहीं मिल रहा है और दर दर की ठोकर खाने मजबूर होना पड़ रहा है। इधर सभी युवा न्याय की गुहार लगाने नव निर्वाचित मंत्रियों एवं विधायकों के पास जाने की तैयारी कर रहे हैं और इन्हें ये उम्मीद है कि जिन संवेदनशील प्रतिनिधियों को हमने चुना है वें छत्तीसगढ़ के युवाओं की हित की रक्षा जरूर करेंगे और इन्हें इनका पारिश्रमिक भुगतान करा के न्याय दिलाएंगे।



### बिना भुगतान किए हुआ फरार

आज पर्यन्त इन युवाओं का पारिश्रमिक भुगतान नहीं किया गया। लगभग 49 युवाओं का पारिश्रमिक, मकान किराया, वाहन का किराया बिना भुगतान किए ही फ़रार हो गए। ये सभी युवा बेरोजगार एवं गरीब परिवार से है। जब इनको अपने क्षेत्र में काम कर अपने परिवार को आर्थिक सहयोग करने का अवसर मिला तो ये उत्साह से गौतम कुमार के निर्देशन मे काम करते रहें, परन्तु हमेशा की तरह फिर बाहरी व्यक्तियों द्वारा छत्तीसगढ़ के युवाओं के भोलेपन का फायदा उठाकर विश्वासघात किया गया।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### नारी शक्ति ने रामधुन की फेरी का संभाला मोर्चा

**रायपुर।** अयोध्या में जैसे-जैसे राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पास आते जा रहा है वैसे ही साईं नगर जोरा में श्रीराम जय जय राम की रामधुन वाली रैली महिलाओं की अगुवाई में जोर पकड़ते जा रही है। इसी क्रम में द्रौपदी सूर्यवंशी, वंदना बिसेन, विनीता बिसेन, मालती राय, चंपा चंद्राकर और नीतू सिंह आदि राम नाम में रम रही हैं। पुरुष वर्ग में समिति के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, सचिव संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश सोनी, छगनलाल साहू, मिथिलेश श्रीवास्तव, छोटेलाल ठाकुर, मोहित यादव और डी. सुरेश आदि संध्या फेरी में शामिल होकर राम नाम का सशक्त संचार कर रहे हैं। इनके अलावा चंद्रशेखर राव , विमल, वरुणेंद्र यादव, संतोष पाठक और त्रिभुवन सिंह साईं नगर के घर-घर में अयोध्या का आमंत्रण पत्र, राम मंदिर की फोटो वितरित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### जिले में दो जगह से दो बाइक की चोरी

**महासमुंद।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग जगहों से दो बाइक की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीयूष कुमार जैन पिता स्व. कस्तूरचंद जैन (51 साल) की बाइक क्र सीजी 06 जीएन 6978 कीमत 45000 रु को नेहरू चौक महासमुंद से बीती रात को अज्ञात ने चोरी कर ली। वहीं, दूसरे मामले में डुलेश्वर दीवान पिता मन्नु लाल दीवान 39 साल ग्राम गबौद की बाइक सीजी 06 जीवी 0406 कीमत 39000 रुपए को सिध्द बाबा मंदिर के नीचे ग्राम कोसरंगी से किसी अज्ञात ने चोरी कर ली है। अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

### आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की विधायक से मुलाकात

**महासमुंद।** आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा महासमुंद के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर (राजू) सिन्हा से भेंट मुलाकात कर पीला पगड़ी एवं गुलदस्ता भेंटकर जीत पर हर्ष जताया। साथ ही समाज के लंबित विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान एसपी ध्रुव, डमरूधर मांझी पार्षद, एमएल ध्रुव, मनराख़न ध्रुव, रामायण ध्रुव, बीएस नेताम, शंकर ठाकुर, एके ठाकुर, पीसी ध्रुव, मधेश्वर ध्रुव, हेमसिंह मरकाम, दुलार सिंह ध्रुव, संतु ध्रुव, बीआर ध्रुव, भुनेश्वर ध्रुव, दिगेश्वर ठाकुर, रवि मरकाम, रोहित कुमार ध्रुव, बलराम नेताम, जीवराख़न नेताम, देवेंद्र काले उपस्थित रहे।

### समर्पण की प्रतिमूर्ति माता राजिमः लिलेश

**महासमुंद।** प्रदेश संयोजक सामाजिक विजन लिलेश साहू ने राजिम भक्तिन माता जयंती पर कहा कि धर्मनिष्ठा और कर्मठता की प्रतीक राजिम माता के नाम पर छत्तीसगढ़ की धार्मिक और ऐतिहासिक नगरी राजिम का नाम पड़ा है। छत्तीसगढ़ का राजिम अब केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि तीन नदियों के साथ विभिन्न संस्कृतियों, संप्रदायों का संगम स्थल बन गया है। उन्होंने कहा कि भक्तिन तेलिन माता का त्याग, तपस्या और सत्कर्म हमें हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। वर्तमान राजिम प्राचीन काल में पद्मावतीपुरी के नाम से जाना जाता था। इसे कमल क्षेत्र भी कहा जाता था।

### महासमुंद विधायक का सम्मान आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा महासमुंद द्वारा स्थानीय पेंशन भवन में 7 जनवरी को दोपहर 2 बजे नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का स्वागत सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर जिन पेंशनरों का जन्मदिन है, उनका जन्मदिन भी मनाया जाएगा। साथ ही प्रांतीय निर्देश अनुसार शासन के नाम मांग पत्र ज्ञापन सौंपा जाएगा। पश्चात अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी बीआर देवांगन ने दी है।

# वेद मंत्रों से गूंजा परिसर, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दी आहुतियां

शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित किया गया एक दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिरमी-रावन

हिरमी के ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिरमी में शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में ब्रम्हवादनी बहनों ने विधि विधान से सर्व देवों को आह्वान किया। आचार्य श्यामसुंदर ने बताया कि यज्ञ से समाज के वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचारण होता है। वैदिक मंत्रों के उच्चारण से नकारात्मक शक्तियां दूर चली जाती हैं और वातावरण में शुद्धता आती है। लोक कल्याण के लिए यज्ञ जरुरी है।

यज्ञ में हजारों लोगों ने सामग्री, पान, सुपारी और नारियल की आहुति समर्पित की। विश्व से आतंक के खात्मे के लिए विशेष आहुति दी गई। प्रेम लाल सिन्हा ने पूजन के क्रम में बताया कि जिस देश का कण–कण ज्ञान की प्रभा से रत हो, वह देश भारत है। हर युग के व्यास द्वारा उस युग की समस्याओं के समाधान को प्रस्तुत किया गया है।

उन्होंने बताया कि आचार्य श्रीराम शर्मा ने ऋषियों के दिव्य ज्ञान को काल्पनिक और प्रतीकात्मक शैली से बदलकर वैज्ञानिक और यथार्थ शैली में प्रस्तुत किया है। वेदानुसार यज्ञ पांच प्रकार के होते हैं–1. ब्रह्मयज्ञ, 2. देवयज्ञ, 3. पितृयज्ञ, 4. वैश्वदेव यज्ञ, 5. अतिथि यज्ञ। उक्त पांच यज्ञों को पुराणों और अन्य ग्रंथों में विस्तार दिया गया है। वेदज्ञ सार को पकड़ते हैं। यज्ञ का अर्थ आग में घी डालकर मंत्र पढ़ना नहीं होता।

यज्ञ का अर्थ है– शुभ कर्म, श्रेष्ठ कर्म, सतकर्म, वेदसम्मत कर्म। सकारात्मक भाव से ईश्वर–प्रकृति तत्वों से किए गए आह्वान से जीवन की प्रत्येक इच्छा पूरी होती है। मांगों, विश्वास करो और फिर पा लो। यही है यज्ञ का रहस्य। वेद मंत्रों की ध्वनि से पर्यावरण और इस जीवन संसार के चक्र में असीमित प्रभाव देखने को मिलते हैं। यज्ञ से इंसान गुणवान बनता है और उसके जीवन का ही नहीं समस्त विश्व का कल्याण होता है। पूर्ण आहुति के साथ ही पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन हो गया। इस यज्ञकार्य के दौरान ज्ञानोदय हिरमी, रावन, सुहेला के समस्त शिक्षक–शिक्षिका विद्यार्थी एवं गायत्री परिजन तथा गांव के गणमान्य नागरिक श्रद्धालुजन उपस्थित थे।



### 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा



**भटगांव/बिलाईगढ़।** ग्राम धनसिर में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारम्भ भव्य दिव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं ने अपने सिर पर दिव्य कलश धारण किये थे। दिव्य मंगल कलश यात्रा पूरे ग्राम का भ्रमण करते हुये तालाब पहुंची, जहां वरुण देवता का पूजन कर पुनः ग्राम का भ्रमण करते हुये कार्यक्रम स्थल पहुंची। भव्य कलश यात्रा में गायत्री माता, गुरुदेव एवं माताजी की भव्य झांकी भी निकाली गई। कीर्तन मंडली, बाजे गाजे के साथ यात्रा व मनोरम झांकी के साथ यह यात्रा निकली। वहीं कलश यात्रा के दौरान गली-मोहल्ले एवं चौक-चौराहों में कलश यात्रा का पुष्प वर्षा एवं आरती के साथ स्वागत किया गया। वहीं तालाब से कलश में जल धारण कर पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां कलश देवता की पूजा-अर्चना कर यात्रा का समापन किया और कल के यज्ञ कार्यक्रम की जानकारी दी गई। शांति कुंज हरिद्वार से आये प्रतिनिधियों का तिलक चन्दन लगाकर एवं पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किये। वहीं कलश यात्रा के दौरान बिलाईगढ़ विधानसभा विधायक कविता प्राण लहरे शामिल हुईं और मां गायत्री, गुरुदेव एवं माताजी की पूजा-अर्चना कर बिलाईगढ़ विकासखंड क्षेत्रवासियों एवं छत्तीसगढ़वासियों के सुख समृद्धि एवं विकास के लिये शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत धनसिर के ग्रामवासी सहित बिलाईगढ़ विकासखंड से भटगांव, पवनी, छिर्रा, सरसींवा, धोबनी, खुरसूला से गायत्री परिवार के परिजन भारी संख्या में शामिल हुए, जहां गायत्री परिजनों के साथ रामनारायण भट्ट, अशोक सिंघानिया, राजू अग्रवाल, बृजमोहन चंद्रा अतिथि के रुप में शामिल हुये। यह कार्यक्रम ग्राम धनसिर सहित क्षेत्र के लिये ऐतिहासिक कार्यक्रम है।

■ विधायक कविता प्राण लहरे कार्यक्रम में हुई शामिल

# पीएम आवास के लिए किसी को भी पैसे देने की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भटगांव

जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों से अपील की है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास स्वीकृति के नाम से किसी भी व्यक्ति द्वारा राशि मांगी जाती है तो सीधे पुलिस में शिकायत दर्ज करायें। श्री चौहान ने कहा-



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना है, जिसमें 2011 एसईसीसी के सर्वे अनुसार पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत आवास स्वीकृत किया जाता है, जिसमें सबसे पहले आवास साफ्ट में हितग्राहियों का पंजीयन करना रहता है। पंजीयन के लिए हितग्राही का आधार कार्ड, बैंक पास बुक, मनरेगा जॉब कार्ड, मोबाइल नम्बर, सहमति प्रपत्र एवं शपथ पत्र जनपद पंचायत द्वारा आवास साफ्ट में पंजीयन किया जाता है, फिर जिला पंचायत से आवास स्वीकृत किया जाता है। स्वीकृति पश्चात 4 किश्तों में 1.20 लाख एफटीओ के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में राशि हस्तांतरित की जाती है।जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ अंतर्गत शेष पीडब्लूएल– 19040, जैनी –2132, आवास प्लस–28477 का आवास स्वीकृत होना है, जिसमें आवास स्वीकृति कराने के लिए किसी अधिकारी, ग्राम पंचायत स्तर के कर्मचारी, जनप्रतिनिधि आदि को किसी प्रकार की रिश्वत नहीं देना है।

■ परियोजना निदेशक हरिशंकर ने हितग्राहियों को किया जागरूक

### शराब पिलाने की सुविधा, कार्रवाई

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान छबिलाल कठोलिया पिता देवकुमार (23 साल) ग्राम कोमा नाला के पास कन्हारपुरी से अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा देते गिरफ्तार किया। आरोपी पर 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# क्रीड़ा स्पर्धा में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लवन

संकुल केंद्र अहिल्दा एवं सरखोर द्वारा संयुक्त रूप से तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन अहिल्दा के खेल मैदान पर प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकंडरी स्तर का कराया गया। इसमें लंबी कूद, ऊंची कूद, कुर्सी दौड़, गोला फेंक, फुगड़ी, कबड्डी, खो–खो, रस्सा कशी, क्रिकेट खेलों का आयोजन किया गया। 5 जनवरी को पुरस्कार वितरण समारोह हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सुमन योगेश वर्मा जनपद अध्यक्ष बलौदाबाजार तथा अध्यक्षता राजेंद्र कुमार जोशी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार, विशिष्ट अतिथि कृष्ण अवस्थी महामंत्री भाजपा बलौदाबाजार, सुलोचना यादव पूर्व जनपद अध्यक्ष बलौदाबाजार, विजय यादव मंडल अध्यक्ष भाजपा मंडल लवन, रघुराम वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष के आतिथ्य में संपन्न हुआ। हायर सेकंडरी स्कूल पंडरिया अहिल्दा तथा प्राथमिक शाला अहिल्दा के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों का स्वागत संकुल समन्वयक अरुण साहू, सुशील सोनवानी, आशीष तिवारी, ज्ञान प्रकाश पांडे, अरविंद मिश्रा द्वारा किया गया।

प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में ग्राम पंचायत अहिल्दा, कोरदा, चिचिरदा, परसाडीह के पालकगण सभी छात्र–छात्राएं तथा शिक्षकगण मनोज ध्रुव, बीजाराम, नोकेशकुमार, मातादीन साहू, रामेश्वर साहू, किशोर साहू, मनोज प्रजापति, गिरधर कोशले, नरेश मनहरे, सौरभ पाण्डेय, संतोष कश्यप, मनोज साहू, नरदूपैकरा, मनोज सांडिल्य, प्रहलाद साहू, शिक्षिका वंजुलाटंडन, शालिनी बाजपेई, जालीदत्ता, ममता पांडे, पुष्पा तिवारी, रितुपटेल भारती साहू उपस्थित रहीं।



### खेलों के माध्यम से नेतृत्व कौशल का भी विकास होता है

खेलकूद प्रतियोगिता पर प्रकाश डालते हुए सुमन योगेश वर्मा ने बच्चों को संबोधित किया गया। उन्होंने खेल से शारीरिक, मानसिक विकास तथा एकता की भावना जागरूक होती है। खेलों के माध्यम से नेतृत्व कौशल का भी विकास होता है तथा बच्चों के अंदर जो प्रतिभाएं छुपी होती है वे खेलों के माध्यम से बाहर आती हैं। अपने उद्बोधन में संकुल स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता के सफल आयोजन तथा बच्चों के लिए व्यापक भोजन व्यवस्था पुरस्कार वितरण व्यवस्था तथा मैदान की व्यवस्था के लिए अतिथियों ने सभी शिक्षकों का तथा ग्राम पंचायत अहिल्दा का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इसी तरह के आयोजन किए जाने पर बल दिया।

### पूर्व माध्यमिक शाला में हुआ सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम



**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया, संकुल केंद्र पचरी, विकासखंड तिल्दा-नेवरा, जिला रायपुर में सुरक्षित शनिवार के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आज की थीम शीतलहर से बचाव के उपाय पर जानकारियां साझा की गई। छात्र भारती, दिया वर्मा, हिना, लिली, तान्या, हिमेश महिलांग, शुभम कोसले, चेतना, राशि, साजिका, शिवम, गजेंद्र, निखिल दास, निखिल यादव आदि विद्यार्थियों के साथ प्रधान पाठक एस के देवांगन ने कहा देश में शीतलहर का प्रकोप जारी है। ऐसे में खुद का ख्याल रखना जरूरी है, क्योंकि आपकी जरा सी लापरवाही खतरनाक हो सकती है। इसलिए शीतलहर को हल्के में लेने की भूल न करें। शिक्षक धीरेंद्र वर्मा ने कहा सर्दी के मौसम में जब ठंडी हवाएं तेजी से चलने लगती हैं। तापमान में तेजी से गिरावट होने लगती है, तब इस स्थिति को शीतलहर कहते हैं। आसान शब्दों में कहें तो सर्दी के मौसम में जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से लेकर 4–5 डिग्री नीचे चला जाता है तो इसे शीतलहर कहा जाता है, जितना संभव हो सके इनडोर रहें।

# छात्र बने आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस राहगीरों को बताए ट्रैफिक नियम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भटगांव

नगर भटगांव के लोटस पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राएं सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इसमें 6 जनवरी को दुर्गा चौक तिराहा पर बच्चे व शिक्षकों ने सुबह 10 से 2 बजे तक वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के बारे में समझा रहे थे। साथ ही भटगांव थाना प्रभारी अमृत लाल भार्गव ने पुलिस बल के साथ सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में बच्चों का साथ दे रहे थे। स्कूली छात्र-छात्राएं विभिन्न वेशभूषा में यमराज, चित्रगुप्त, फौजी, पुलिस, आरटीओ व ट्रैफिक पुलिस के कई तरह के रोल कर रहे थे।

इसमें तीन सवारियों को रोकना, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चालकों को रोक रोक कर जीवन में हेलमेट की उपयोगिता, सीट बेल्ट पहनने के फायदे बता रहे थे। साथ हमेशा हेलमेट पहने मोटर साइकिल चलाने, साथ ही साथ तीन सवारी बाइक वालों को फुल माला पहनाकर तिलक के साथ स्वागत कर रहे थे। वहीं बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों का स्वागत भी इसी तरह किया जा रहा था।

बच्चों द्वारा वाहन चालकों को समझाया भी जा रहा था। वहीं धीरे चले, सुरक्षित चले, आपके घर में कोई इंतजार कर रहा है। आपके भरोसे पूरे परिवार है। अपने लिए नहीं तो अपने परिवार अपने पत्नी, बच्चों अपने माता-पिता के लिए सड़क सुरक्षा के नियम का पालन करे। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य दुधनाथ जायसवाल, भटगांव थाना प्रभारी अमृत लाल भार्गव व धर्मेन्द्र साहू ने सरस्वती की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में स्कूल संचालक लक्ष्मी साहू, सचिव योगेश केशरवानी, कोषाध्यक्ष रूपनारायण सिंह राजपूत, रामदुलार साहू, स्कूल के स्टाफ सालिक राम साहू, फणेन्द्र राजपूत सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व समस्त स्कूली बच्चों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। वहीं थाना प्रभारी अमृत लाल भार्गव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे मोटर सायकिल से स्कूल ना आये। साइकिल का उपयोग करे। बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलाये। हमेशा सही दिशा में चले, ड्रिंक एंड ड्राइव न करे, चौराहों पर धीमे चले, गति सीमा का ध्यान रखें, चार पहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट लगाने अपनी आदत में शामिल करें।

■ सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया जागरूकता अभियान, बाइक में तीन सवार लोगों का किया स्वागत

# अक्षत कलश का ग्रामीणों ने जय श्रीराम के जयघोष से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा



ग्राम खौना में अयोध्या से लाए गए अक्षत कलश के दौरान ग्रामीणों ने अपने-अपने घर के सामने रंगोली बनाकर आतिशबाजी की और जय श्रीराम के नारे के साथ ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया।

22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा किए जा रहे भगवान श्रीराम के स्थापना के दिन दिवाली मनाने आमंत्रण समस्त ग्रामवासी को दिया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, जिसमें ग्राम समस्त सेवा समिति, रामायण मंडली, महिला समूह ने भाग लिया, जिसमें प्रमुख रूप से अक्षत कलश यात्रा प्रभारी मंडल बंगोली अनिल नायक, सह प्रभारी उपाध्यक्ष युवा मोर्चा खरोरा दुर्गेश चंदेल, पूर्व जनपद सदस्य खड़क यदु, पूर्व सरपंच नीलकंठ वर्मा, दुकालू निषाद, पंच शेखर यदु, ग्राम पंचायत बुडेनी के पूर्व सरपंच मीना वर्मा, मनोज ठाकुर, जयंत ठाकुर, शंभू दयाल सेन, नरेश भट्ट, निर्मल वर्मा, देवेंद्र यादव, रोहित धीवर, भूषण साहू, किरण साहू, इंद्राणी वर्मा, उर्मिला यदु, श्यामा वर्मा, गौरी वर्मा, उर्मिला वर्मा, शांति यदु, राधिका यदु, मंजू यदु, खिलेश्वरी यदु, रूखमणी सेन, दुलेश्वरी निषाद, रमशिला वर्मा, मेघनाथ यदु, गिरधर निषाद, चंद्रशेखर भार्गव, राधे साहू, रवि वर्मा, नेतराम साहू सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।




